11.	Approval of DPRs by ZP.	In the first meeting of ZP convened after receipt of DPR			CEO

राजस्थान सरकार

ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज विभाग

(भू-संसाधन प्रकोष्ठ)

कमरा नं. 153, पंत कृषि भवन, जयपुर

क्रमांक : एफ. 2 (103) ग्रावि/भू.सं./2/2003 जयपुर, दिनांक : 20.12.2006

समस्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी,
जिला परिषद, राजस्थान।

विषय : चारागाह विकास हेतु क्रियान्वयन मार्गदर्शिका।

महोदय,

समस्त जलग्रहण क्षेत्रों में सामुदायिक भूमि की बहुतायत होना हरियाली गाईड लाईन की अनिवार्य शर्त है। जिन पंचायतों में चारागाह नहीं है, उनमें चारागाह भूमि आवंटन करवाने का प्रावधान राजस्थान पंचायती राज अधिनियम की धारा 169 में दिया हुआ है। चारागाह भूमि के विकास का दायित्व राजस्थान पंचायती राज अधिनियम की धारा 170 में स्पष्ट है। इसी अधिनियम की धारा 170 के तहत ग्राम पंचायत चारागाह में चरने वाले पशुओं का शुल्क वसूल कर सकती है।

गरीब एवं भूमिहीन व्यक्ति अपने ईंधन, चारे और छोटी इमारती लकड़ी की आवश्यकता की पूर्ति भी ऐसी सामुदायिक भूमियों से ही करते हैं, अतः इनको विकसित करना अनिवार्य है। हमारे राज्य में पशुधन की संख्या जनसंख्या के बराबर है। इन पर ध्यान देकर दुग्ध, मांस एवं ऊन का उत्पादन बढ़ाकर गांवों में समृद्धि लायी जा सकती है। इन सबके लिए चारागाहों का विकास अनिवार्य है। इससे स्थानीय रोजगार तो सृजित होता ही है, गरीब एवं भूमिहीन परिवारों की आवश्यकताओं की पूर्ति होती है और पशुधन की उत्पादकता में वृद्धि होती है।

बायफ द्वारा चारागाह विकास हेतु क्रियान्वयन मार्गदर्शिका तैयार की गई है, जिसकी प्रति संलग्न की जा रही है। इसके साथ ही चारागाहों के संबंध में ग्राम पंचायत के दायित्व, राजस्थान पंचायती राज अधिनियम के अन्तर्गत धारा 169, 170 और 171 की प्रति भी संलग्न की जा रही है। आपसे अपेक्षा है कि जलग्रहण क्षेत्रों में आने वाली सामुदायिक भूमियों पर चारागाह विकास का कार्य अनिवार्य रूप से कराना सुनिश्चित करें और इसके लिए अभी से कार्य योजना तैयार कर डीपीआर में शामिल कर ली जावे। यदि पूर्व में डीपीआर में यह गतिविधि किन्हीं कारणों से नहीं ली गई है तो, अब इसका समावेश कर, उसमें संशोधन करना सुनिश्चित करें।

भवदीय,

संलग्न : उपरोक्तानुसार।

ह./-
परियोजना निदेशक एवं पदेन
उप सचिव (भू-संसाधन)

चारागाह विकास हेतु क्रियान्वयन मार्गदर्शिका

1. पृष्ठभूमि

राजस्थान के सकल घरेलू उत्पाद (GDP) में पशुपालन व्यवसाय का योगदान 19 प्रतिशत है। राज्य के सभी श्रेणी के किसानों की पशु सम्बन्धी क्रियाएं एवं उनकी द्वारा की जाने वाली कृषि एवं फसल चक्र के मध्य घनिष्ठ अर्न्तसम्बन्ध है। व्यक्तिगत, कृषि भूमि, चारागाह (बीड) एवं गोचर भूमि (चरनोट) पशुओं के हरे/सुखे चारे के मुख्य स्त्रोत है। 80 प्रतिशत से अधिक ग्रामों में उपलब्ध गोचर भूमि पशुओं को चराने के उपयोग में ली जाती है। सीमान्त कृषकों एवं भूमिहीन परिवारों के लिए ग्राम-चरनोट की भूमि ही पशु चारे का मुख्य स्त्रोत है। स्वतंत्रता से पूर्व गोचर भूमि का प्रबन्ध ठिकानेदार (जमीदार) द्वारा किया जाता था, जो चारे के उपयोग के बदले में शुल्क (घासमारी) वसूल करता था। यह व्यवस्था पर्याप्त एवं उपयोगी थी। लेकिन स्वतंत्रता के पश्चात इन सामुदायिक चारागाह के प्रबंधन ग्राम पंचायत द्वारा किया जाने लगा। व्यक्तिगत लाभ की भावना के कारण गोचरभूमि पर अतिक्रमण होने लगे एवं पशु सम्पदा की संख्या में वृद्धि हुई। परिणामस्वरूप घास का उत्पादन (300 से 400 कि.ग्रा. प्रति हैक्टर) कम होने लगा। अपर्याप्त प्रबन्ध व्यवस्था के कारण अनेक ग्रामों में न केवल अतिक्रमण बढ़े वरन सामुदायिक चारागाह भूमि (गोचर भूमि) का क्षेत्र भी कम हो गया।

2. चारागाह की कानूनी पहचान

शासन द्वारा पशुओं की चराई के लिए चिन्हित की गयी भूमि-चारागाह पर गांव के सभी परिवारों के छोटे/बडे जानवरों को पोषण के रूप में उत्पादक चारा उपलब्ध कराने एवं ग्राम पंचायत संस्थान को चारागाह की सुरक्षा, रखरखाव, विकास, उपयोग तथा चराई शुल्क निर्धारित करने का अधिकार देना। ***(राजस्थान पंचायत राज नियम 170, 171)***

3. चारागाह विकास के लक्ष्य एवं विषय–वस्तु

- गांवों में उपलब्ध चारागाह पर विकास कार्य कर के भूमि को उपजाऊ बनाना।
- बी.पी.एल. परिवारों के लिए रोजगार के अवसर उपलब्ध कराना।
- अविकसित चारागाह भूमि को बंजर बनने से रोकना-भूमि सुधार विधि का उपयोग तथा उन्नत घास के बीज का छिड़काव तथा चारे के उपयोगी पेड़/पौधे लगाना।
- पानी संरक्षण हेतु प्रभावी तकनीक का उपयोग करना।
- चारागाह विकास में ग्रामवासियों की पूर्ण सहभागिता सुनिश्चित करना।
- ग्रामवासियों द्वारा, सभी जातियों के बी.पी.एल. परिवारों का उचित प्रतिनिधित्व (70 प्रतिशत) सुनिश्चित करते हुए, चारागाह प्रबन्धन समिति (VMC) का गठन करवाना एवं गठित समिति में महिलाओं को प्रतिनिधित्व देकर चारागाह प्रबन्धन समिति द्वारा सदस्यों को प्रशिक्षित करना।
- विकसित चारागाह के चारे के उपयोग के लिए व्यवस्था स्थापित करना तथा चारागाह के लाभ का समान वितरण एवं उपयोग नियमन का लक्ष्य प्राप्त करना।

4. चारागाह विकास क्षेत्र के चुनाव का मापदण्ड

1. बी.पी.एल. बाहुल ग्राम होना आवश्यक है।
2. दुग्ध उत्पादक पशुओं की प्रचुरता हो।
3. चारे की कमी हो।
4. समुचित चारागाह हो।
5. पशुधारकों की सक्रिय सहभागिता मिले।
6. ग्राम पंचायत का सहयोग मिले।
7. चारागाह विकास में आम सहमति हो।
8. नजदीकी दुग्ध बाजार उपलब्ध हो।
9. क्रियान्वयन संस्था पर लोगों का विश्वास हो।
10. पूर्व में किसी अन्य संस्था द्वारा चारागाह विकास कार्य न किया गया हों।

5. चारागाह विकास हेतु भूमि अधिकरण की प्रक्रिया

1. परियोजना क्षेत्र के चुनाव का मापदण्ड के अनुसार निर्धारण करना।
2. ब्लॉक एवं जिला स्तर पर अधिकारियों को परियोजना से होने वाले अल्पकालीन एवं दीर्घकालीन परिणाम की जानकारी देना।
3. रेवेन्यू रिकार्ड से गांव के पास उपलब्ध सामुदायिक भूमि का पता लगाना।
4. ग्राम समुदाय की उपस्थिति में चारागाह विकास प्रस्ताव ग्राम पंचायत द्वारा करना।
5. ग्राम वासियों की सहभागिता सुनिश्चित करते हुए, जमाबन्दी, नकल ट्रेस प्राप्त करना।
6. ग्राम पंचायत द्वारा ग्राम वासियों की उपस्थिति में हल्का पटवारी से सीमाज्ञान करवाना।

नोटः–चारागाह जिनके संबंध में कोई विवाद न हो, उन पर ही विकास कार्य किया जावे।

6. चारागाह विकास की गतिविधियां–

- चारागाह विकास की अवधारणाओं का प्रचार प्रसार करना एवं लोगों में जागरुकता लाना।
- रेवेन्यू रिकार्ड से गांव के पास सामुदायिक चारागाह भूमि की उपलब्धता का पता लगाना।
- ग्राम समुदाय की उपस्थिति में चारागाह विकास प्रस्ताव पारित कराना।
- ग्रामवासियों की सहभागिता सुनिश्चित करते हुए, पंचायत राज का अनापत्ति प्रमाणपत्र, जमाबन्दी, नकल ट्रेस, आदि प्राप्त करना।
- ग्रामवासियों की उपस्थिति में हल्का पटवारी से सीमाज्ञान करवाना।
- ग्राम प्रबन्धन समिति (वी.एम.सी.) का गठन।
- विकसित चारागाहों का शैक्षणिक भ्रमण एवं निर्मित चारागाह समितियों के साथ अनुभवों का आदान प्रदान।
- चारागाह विकास सम्बन्धित गतिविधियों के क्रियान्वयन में क्षमता निर्माण हेतु प्रशिक्षण।
- नर्सरी निर्माण।
- भूमि तैयार करना, फैंसिग कार्य, वी-डीच, वृक्षारोपण हेतु गड्ढे तैयार करवाना।
- ट्रेक्टर हकाई, घास का छिड़काव, वृक्षारोपण (जून-जूलाई)
- चारा के उपयोग की प्रक्रिया, लेखा जोखा रखना, ग्राम कोष निर्माण एवं उपयोग आदि पर वी. एम.सी. को प्रशिक्षण।
- वी.एम.सी. के निर्णय अनुसार घास बीज एकत्रित करना, घास कटाई एवं बंटवारा।
- प्रगति समीक्षा एवं अन्य प्रक्रिया हेतु समयानुसार वी.एम.सी. की सभाओं का आयोजन।

7. मानक चारागाह श्रम व लागत विवरण *(प्रति हैक्टर)*

क्र.		श्रम विवरण				लागत विवरण		
सं.	विवरण	इकाई	मानव दिवस	कुल खर्च रू.	विवरण	इकाई	मानव दिवस	कुल खर्च रू.
1.	खाई बण्ड/बाड़	335 Rf	75	5475 (48%)	परिवहन	200 Plants	3	900 (28.6)
2.	वी डी एच	1092 Rf	55	4015 (35.3%)	दीमक नियंत्रण	50 gm/p	25	375 (11.9)
3.	गडे खोदना	200 N	21	1533 (13.5%)	पौधें	200 Plants	2.8	861 (27.3)
4.	पौधे लगाना	200 P	5	365 (3.2%)	धामण बीज	6 Kg.	35	385 (12.2)
					हिमेटा बीज	4 किलो	45	180 (5.7)
					हकाई	100/Bigha		450 (14.3)
	योग		**156**	**11388 (78 %)**				**3151 (19 %)**
-	चौकीदार (One for 40 ha)			540				-
	महायोग (श्रम व लागत)							15079.00
-	मोनिटरिंग फेसिलिटेशन							2471.00
-	कुल योग प्रति हैक्टर							17550.00
-	Rs. 73 प्रति मानव दिवस							

8. चारागाह विकास गतिविधि क्रियान्वयन

1. चिन्हित क्षेत्र की बाड़ करना (खाई, थोर, पत्थर बाड)।
2. विलायती बबूल को जड से उखाड़ कर अलग करना।
3. चारागाह क्षेत्र से अनावश्यक पत्थरों को एकत्रित कर अलग ढेर बनाना।
4. बहु उपयोगी पौधारोपण हेतु विकेन्द्रीत नर्सरी तैयार करवाना।
5. दुग्ध उत्पादक घास बीज धामण (10 से 14 किलो प्रति हैक्टर) एवं भूमि कटाव को रोकने की क्षमता वाला घास बीज हेमेटा (4 किलो प्रति हैक्टर) आदि की व्यवस्था करना।
6. भूमि की ढलान के विपरित वी-डीच बनाना।
7. पौधा-रोपण हेतु 200 गड्डे प्रति हैक्टर खुदवाना।
8. घास बीज एवं उर्वरक छिड़काव के बाद भूमि पर ट्रैक्टर से हकाई करना।
9. वी-डीच पर हिमेटा बीज छिड़कना।
10. प्रथम वर्षा उपरांत बहु-उपयोगी पौधरोपण (गड्डे में, दो खाई के बीच में बण्ड की दूसरी तरफ) करना।
11 पौधरोपण के साथ-साथ पौधों की लम्बाई के अनुसार थांवला बनाना।
12. घास की अधिक मात्रा प्राप्त करने के लिए यूरिया का छिड़काव करना।
13. प्रथम वर्ष बीज एकत्रित न करते हुए जमीन पर ही गिरने देना चाहिए ताकि पूर्णतः प्रकीर्णन हो सके।
14. अक्टूबर माह में घास की कटाई करावें।
15. द्वितीय वर्ष में मृत पौधों के स्थान पर नये पौधे लगावें।
16. छठवें वर्ष में सम्पूर्ण चारागाह क्षैत्र में पुनः धामण बीज का छिड़काव करें।
17. चारागाह के चारों तरफ बनी सुरक्षा बाड पत्थर बण्ड या खाई पर कंटीली झाड़ियों से ढकने के बाद हवा से न उड़े इस हेतु भारी पत्थरों से दबा दे।

9. भौतिक कार्य एवं माप

संरचना		*आकार*
पत्थर बाड़	:	2.5 फीट आधार x 4 फीट उंचाई x 2 फीट टॉप
खाई	:	2 फीट आधार x 3 फीट गहराई x 3 फीट टॉप
थोर की बाड+खाई	:	2 फीट आधार x 2 फीट गहराई x 2 फीट टॉप
वी डीच	:	2.5 फीट चौ. x 1 फीट गहराई
गड्ढे का आकार	:	1.5 x 1.5 x 1.5 घन फीट
पौधे से पौधे की दूरी	:	5 मी. x 5 मी.
पौधों की कतार की दूरी	:	10 मीटर
कुल पौधे प्रति हैक्टर	:	200

10. चारागाह भूमि पर मिट्टी, वर्षा आधारित घास एवं फलीदार घास का चयन

क्रम	वार्षित वर्षा (मी.मी.)	भूमि	उपयुक्त घास	फलीदार घास
1	200 से कम	बलुई मृदा	गुरत (Panicum antidotale)	
			सेवण (Lasiurus sindicus)	
			राईचा (Cymbopogon martinil)	
2	200 से 400	एलुवियल (भूरभूरी)	सफेद धामण (Cenchrus ciliaris)	Clitoria ternatia
		मृदा	काला धामण (Cenchrus setigerus)	
3.	400 से 600	लाल बलुई दोमट	सफेद धामण Cenchrus ciliaris)	हिमेटा
		मृदा	Chrysopogon fulvus	(Stylosanthus Hemata)
			लाप (Heteropogon contortus)	Botheriochloa Pertusa
		काली चीकनी दोमट मृदा	मकरा (Dactyloctenium aegyptium)	

4.	600 से अधिक	दोमट व चीकनी दोमट मृदा पथरीली-निम्न श्रेणी मृदा	Pascium Maximum नेपियर (Napier hybrid) Setaria sphacelata सेरन (Schim Nervosum)	हिमेटा (Stylosanthus Hemata) Siratarо

11. चारागाह विकास हेतु आवश्यक प्रशिक्षण

1. भौतिक कार्य के आधार पर प्रशिक्षण जैसे पत्थर की दीवार/थोर बाड़, खाई बण्ड, गड्डे वी-डीच आदि।
2. नर्सरी बनाना।
3. लेखा जोखा संधारण प्रस्ताव रजिस्टर, कार्य योजना रजिस्टर, वाउचर फोल्डर, केशबुक, खर्च रजिस्टर, उत्पादन रजिस्टर सदस्यता रजिस्टर)
4. घास कटाई एवं चराई व्यवस्था।
5. सुरक्षा, संरक्षण एवं प्रबन्धन प्रशिक्षण (सक्रिय निगरानी एवं सदस्यता शुल्क, घास बीज बिक्री से आय, ग्राम पंचायत सहयोग एवं पेनल्टी आदि से प्रबन्धन)।
6. प्रशिक्षण के लिए योग्य व्यक्ति-चयनित उत्साही, इच्छुक पुरुष-महिलाओं व ग्राम प्रबन्धन समिति के सदस्य।

12. भुगतान प्रक्रिया

1. कोष संचालन हेतु राष्ट्रीयकृत बैंक में बचत खाता खुलवाना।
2. भुगतान चैक या डी.डी. द्वारा।
3. श्रम भुगतान स्थल-ग्राम पंचायत कार्यालय या विद्यालय।
4. श्रम भुगतान ग्राम प्रबन्धन समिति के कोषाध्यक्ष, सरपंच, वार्डपंच, पटवारी, स्थानीय शिक्षक या शिक्षित युवाओं की उपस्थिति में।

13. घास कटाई एवं चराई व्यवस्था

1. कांटो और आधा ले जाओ (Cut & Carry system) : चारागाह के निश्चित भाग से कुल काटी गयी घास का 50 प्रतिशत हिस्सा काटने वाले का एवं शेष 50 प्रतिशत धारा प्रबन्धन समिति में जमा करवाना। जमा घास को निलामी द्वारा बेचना। प्राप्त राशि समिति खाते में जमा करवाना।
2. नियंत्रित चराई (Control Grazzing) : सम्पूर्ण चारागाह क्षेत्र को निश्चित ब्लॉक्स में बांटना, एक निश्चित अंतराल में चराई करवाना, प्राप्त आय से चारागाह का भावी प्रबन्धन करना।

14. चारागाह प्रबन्धन समिति के प्रमुख कार्य

1. चारागाह विकास हेतु कार्य योजना, क्रियान्वयन, लाभ का बंटवारा, विवाद समाधान।
2. घास बीज एकत्रीकरण।
3. चारे की कटाई।
4. पशु चराई व्यवस्था।
5. चारागाह से अन्य आय।
6. पेनल्टी एकत्रित करना।
7. सुरक्षा व्यवस्था।
8. पुर्ननिर्माण एवं सतत नियमन।
9. आवश्यकता आधारित अन्य परिवर्तन हेतु प्रबंधन समिति सामुदायिक निर्णय के लिये स्वतंत्र।
15. स्थायी चारागाह प्रबन्धन हेतु ग्रामकोष की स्थापना।

उद्देश्य

- चारागाह सुरक्षा, बाड़ मरम्मत, चौकीदार भुगतान।
- कोष में धन संचय के स्त्रोत।
- श्रमदान।

- चारागाह से प्राप्त पेनल्टी।
- चारा उपयोग की व्यवस्थाओं से।
- उपयोग के नियम, संचालन अधिकार।

ग्रा.प्र. समिति का सर्वसम्मति से उपयोग हेतु लिया गया निर्णय

- बी.पी.एल. परिवारों को प्रत्येक कार्य में प्राथमिकता।
- एकत्र घासमारी/उत्पादन कर को शीघ्र बैंक में जमा करवाना।
- चारागाह में अवैध चराई एवं अतिक्रमण को रोकना।
- बी.पी.एल. परिवारों एवं महिलाओं की सहभागिता सुनिश्चित करना।
- प्रत्येक माह चारागाह विकास एवं ग्रामीण चारा उपलब्धता पर बैठक में चर्चा।

16. चारागाह विकास में संभावित विवाद

1. भूमि अधिग्रहण एवं विकास उपरांत उभरते अतिक्रमण।
2. अवैध खनन।
3. अवैध कृषि कार्य।
4. अवैध निर्माण।
5. आवाजाही का मार्ग निर्धारण।
6. अनाधिकृत घास चराई।
7. घास चोरी।
8. सुरक्षा व्यवस्था को नष्ट करना।

17. चारागाह विकास में संभावित विवादों का समाधान

1. विवादित स्थल को छोड़कर शेष चारागाह भूमि को विकसित करना।
2. संस्था की छवि का उपयोग करना।
3. निःस्वार्थ प्रभावशाली ग्रामीण, ग्राम पंचायत के सदस्यों जिला अधिकारी एवं प्रशासन का सहयोग लेना।
4. विकसित चारागाह क्षेत्र का भ्रमण।
5. ग्राम प्रबन्धन समिति द्वारा कड़ी निगरानी एवं निष्पक्ष कार्यवाही।

चारागाह–ग्राम पंचायत के दायित्व
(अति आवश्यक)

1. रा.पं.स. नियम 169 : चारागाह भूमियां

(1) यदि किसी ग्राम में एक सामान्य चारागाह किसी पंचायत के अधीन न रखा गया हो तो, तहसीलदार को एक नई चारागाह की भूमि प्राप्त करने या नया चारागाह बनाने के प्रस्ताव भेजेगी।

(2) ऐसे प्रस्ताव के प्राप्त होने पर, तहसीलदार उसी समय पर कार्यवाही करेगा तथा पंचायत से प्रस्ताव प्राप्त होने की तारीख से तीन माह की अवधि के भीतर उस प्रस्ताव पर लिए गए अपने निर्णय से पंचायत को अवगत करवाएगा। यदि प्रस्ताव के प्रस्तुत करने के तीन माह के भीतर स्वीकृति प्राप्त नहीं होती है तो वह विकास अधिकारी को लिख सकती है, जो चारागाह आवंटन करवाने हेतु कदम उठायेगा।

(3) चारागाह पर उत्पन्न होने वाले पेड एवं अन्य प्राकृतिक उपज से होने वाली आय पंचायत निधि में जमा की जाएगी।

(4) एक पंचायत ऐसे पेडों या प्राकृतिक उपज को किसी प्राईवेट ठेकेदार या सार्वजनिक नीलामी द्वारा ठेके पर उठा सकती है तथा वर्तमान में प्रभावशाली कानून के आधार पर उपरोक्त तरीके द्वारा सूखे, खराब एवं गिरे हुए पेड़ों को बेच सकती है।

(5) चारागाह में पाए जाने वाले गोबर को भी पंचायत प्राइवेट ठेके या सार्वजनिक नीलाम द्वारा बेच सकती है।

(6) पशुओं की संख्या में वृद्धि होने पर पंचायत चारागाह की भूमि को ओर भी बढा सकती है चारागाह बढ़ाने के लिये नये चारागाह प्राप्त करने के लिए समान कार्यवाही करनी होगी।

(7) चारागाह पशुओं के चराने के अतिरिक्त अन्य किसी उपयोग में नहीं ली जाएगी।

(8) जहां किसी व्यक्ति द्वारा चारागाह की भूमि पर अवैध तरीके से कब्जा कर रखा हो, या अन्य किसी उपयोग में लिया गया हो तो पंचायत नियम 160 के तहत तैयार किये गये सर्वे अभिलेख के आधार पर तत्समय लागू कानून के अंतर्गत तहसीलदार के नाम प्रार्थना-पत्र पेश कर सकती है।

2. रा.पं. स. नियम 170 : चारागाह भूमियों का विकास

(1) पंचायतों का यह कर्तव्य होगा कि चारागाह भूमियों में अतिक्रमण रोके और उपयुक्त प्रकार के घास, झाडियां और पौधे लगाकर विकास करें। इस हेतु पंचायत हर गांव की चारागाह भूमि का नियंत्रण संबंधित गांव के पंच की अध्यक्षता में गठित पांच सदस्यीय कमेटी को सुपुर्द करेगी। शेष चार सदस्य ग्राम सभा चुनेगी।

(2) बंद क्षेत्र का घास खुली निलामी या प्राइवेट ठेके द्वारा बेचा जा सकता है।

(3) विकास योजना की राशि श्रम प्रधान चारागाह विकास के कार्य में की जा सकती है।

3. रा.पं.स. नियम 171 : चराई शुल्क– पंचायत प्रस्ताव द्वारा निर्णय करके चारागाह में चरने वाले पशुओं का शुल्क वसूल कर सकती है, लेकिन ये दरें निम्नलिखित से किसी भी तरह अधिक नहीं होगी-

(अ)	भैंस, गाय, उंट, घोडा, प्रति जानवर के हिसाब से	:	10/- रूपये प्रति दिन
(ब)	बकरी और अन्य जानवर प्रति जानवर के हिसाब से	:	5/- रूपये प्रति दिन

राजस्थान पंजायतीराज मैन्युअल (पेज 127, 128)

ACTIVITIES, TIME FRAME & RESPONSIBILITIES WITH RESPECT TO NEW PROJECTS SANCTIONED IN 2006-07-CDP

S.No.	Activities	Time Frame
1.	Issue of sanction by DOLR, MoRD, GOI.	28.9.06
2.	Intimation to PIA-DCF of the district & Transfer of funds to PIA.	upto 20.10.06
3.	Identification & selection of areas in consultation with Gram Panchayat for Sand dune stabilization Afforestation & Shelter belt planation- if shelf of projects are not ready.	5.11.06
4.	Prioritization of selected areas as per sanctions.	15.11.06
5.	Constitution of Village Forest Protection Management Committees (VFPMC).	30.11.06
6.	Training of forest officials VFPMC members, PRIS & other stake holders.	15.12.06
7.	PRA including base line survey to record status of water, fuel, fodder, small timber & its availability.	31.12.06
8.	Exposure visits to successful sites within & outside state.	15.1.07
9.	Preparation of treatment & production plan as per land capability in consultation with the local people alongwith estimates on approved norms of state forest department.	30.1.07
10.	Preparation of DPR.	10.2.07
11.	Submission of DPR to Zila Parishad & CCF, Jodhpur simultaneously.	20.2.07
12.	Issue of Technical Sanction by CCF, Jodhpur.	28.2.07
13.	Approval by Zila Parishad & forwarding it to state Govt.	15.3.07
14.	Issuance of Financial Sanction by state govt.	30.03.07
15.	Execution of works through VFPMC members/User Groups/SHGs.	As per plan

राजस्थान सरकार
ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज
(भू-संसाधन प्रकोष्ठ)

क्रमांक : प.15 (4) ग्रा.वि./एलआर/2/2006 जयपुर, दिनांक : 01.02.2007

मुख्य कार्यकारी अधिकारी,
जिला परिषद, समस्त राजस्थान।

विषय : जलग्रहण विकास दल में पंचायत समिति में कार्यरत कनिष्ठ अभियन्ता को तकनीकी सदस्य के रूप में सम्मिलित करने हेतु।

महोदय,

विभागीय समसंख्यक पत्र क्रमांक एफ. 15 (4) ग्रा.वि./भू.सं./06 दिनांक 4.9.2006 के जरिए जलग्रहण विकास दल में विभिन्न संकाय के सदस्यों को सम्मिलित करने तथा उनको देय मानदेय के बारे में निर्देश प्रदान किये गये थे। कतिपय जिलों द्वारा विभाग के ध्यान में लाया गया हैं कि जिले में तकनीकी सदस्य के रूप में सम्मिलित किये जाने वाले अभियन्ताओं की कमी होने के कारण जलग्रहण विकास दल का पूर्ण रूप से गठन किया जाना सम्भव नहीं हो पा रहा है।

हरियाली मार्गदर्शिका के अनुच्छेद 15 में व्यवस्था प्रदान की गई है कि परियोजना क्रियान्वयन एजेन्सी को इस बात की स्वतंत्रता होगी कि यदि वह चाहे तो अपने कर्मचारियों को जलग्रहण विकास दल के सदस्य के रूप में शामिल रप सकता है। इस व्यवस्था के मध्यनजर निर्देश दिये जाते हैं कि :-

(i) पंचायत समिति में कार्यरत कनिष्ठ अभियन्ता जलग्रहण विकास दल के सदस्य के रूप में कार्य करेंगे यदि पंचायत समिति में एक से अधिक जल ग्रहण विकास दल गठित किया हुआ है व कनिष्ठ अभियन्ता (जलग्रहण) कम पदस्थापित है, तो शेष जलग्रहण विकास दल/दलों हेतु प्राईवेट तकनीकी सदस्य की सेवाएं प्राथमिकता पर पूर्व में दिए गए निर्देशानुसार प्राप्त की जावे।

(ii) यदि किसी पंचायत समिति में सिर्फ एक ही कनिष्ठ अभियन्ता (जलग्रहण) कार्यरत है एवं भी वहां सहायक अभियन्ता (जलग्रहण) भी कार्यरत नहीं हैं तो उस स्थिति में जलग्रहण विकास दल में प्राईवेट तकनीकी सदस्य की सेवाऐं पूर्व में दिए गए निर्देशानुसार प्राप्त की जावे ताकि नियमित कनिष्ठ अभियन्ता समस्त जलग्रहण परियोजनाओं के पर्यवेक्षण का कार्य प्रभावी ढंग से कर सके।

(iii) जिन पंचायत समितियों में एक भी कनिष्ठ अभियन्ता जलग्रहण कार्यरत नहीं हैं वहां जलग्रहण विकास दल में प्राईवेट तकनीकी सदस्य की सेवाएं पूर्व में दिए गए निर्देशानुसार प्राथमिकता पर प्राप्त की जावे।

नियमित कनिष्ठ अभियन्ता जलग्रहण विकास दल के सदस्य होने की स्थिति में वह दल का लीडर (Team Leader) होगा। इन निर्देशों की प्रभावी क्रियान्विति एक माह के अन्दर-अन्दर सुनिश्चित करने का व्यक्तिगत उत्तरदायित्व अधिशाषी अभिन्ता (भू संसाधन) का होगा।

भवदीय,

ह./-

(राम लुभाया)
प्रमुख शासन सचिव

ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज

राजस्थान सरकार

ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज विभाग

(भू-संसाधन प्रकोष्ठ

कमरा नं. 153, कृषि पंत भवन

क्रमांक : प. 15 (4) ग्रावि/भूसं/2/2006 जयपुर, दिनांक : 08.02.2007

परिपत्र

भारत सरकार के ग्रामीण विकास मंत्रालय द्वारा जारी हरियाली मार्गदर्शिका के अनुसार जलग्रहण परियोजनाओं की क्रियान्विति राज्य में मरु विकास कार्यक्रम, सूखा संभाव्य क्षेत्र कार्यक्रम तथा बंजर भूमि विकास कार्यक्रम के अन्तर्गत की जा रही है। जैसाकि विदित है कि जलग्रहण कार्यक्रम के अन्तर्गत केवल जल संग्रहण ढाचों के निर्माण का कार्य ही नहीं कराया जाना है बल्कि क्षेत्र के प्रत्येक कृषक के लिये एक प्रभावी उत्पादन योजना बनाकर सतत उत्पादन वृद्धि सुनिश्चित की जानी है और जलग्रहण क्षेत्र में आने वाली सामुदायिक भूमियों पर चारागाह विकास एवं वृक्षारोपण कर स्थानीय ग्रामवासियों की चारे और ईंधन की आवश्यकता की पूर्ति की जानी है ताकि उनके बेहतर जीवनयापन के लिये दीर्घकालीन प्रबंध सुनिश्चित हो सके। कार्यक्रमों की समीक्षा के उपरान्त दृष्टिगत हुआ कि जलग्रहण जैसे महत्वपूर्ण जनसमुदाय के कार्यक्रम की क्रियान्विति की ओर जिला/पंचायत समिति स्तर के सम्बन्धित अधिकारियों द्वारा अपेक्षित ध्यान नहीं दिया जा रहा है जिसके कारण संसाधन हीन लोगों को अपेक्षित लाभ प्राप्त नहीं हो रहा है।
उपरोक्त तथ्यों के मध्यनजर जलग्रहण कार्यक्रम की प्रभावी क्रियान्विति हेतु निम्नांकित आदेश प्रसारित किये जाते हैंः

(i) जलग्रहण विकास दल के चारों सदस्यों को दो माह की अवधि में प्रशिक्षित करने तथा कार्यशील (Functional) बनाने की व्यक्तिगत जिम्मेदारी अधिशाषी अभियन्ता/परियोजना अधिकारी (भू-संसाधन) की होगी। यदि निर्धारित अवधि में दल के सदस्यों को प्रशिक्षित कर कार्यशील नहीं बनाया गया तो इसके लिये अधिशाषी अभियन्ता/परियोजना अधिकारी (भू-संसाधन), सहायक अभियन्ता तथा कनिष्ठ अभियन्ता व्यक्तिगत रूप से जिम्मेदार होंगे तथा उनके विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही की जावेगी।

(ii) जलग्रहण परियोजना शुरू होने से पूर्ण करने तक विभिन्न गतिविधियों का संपादन किया जाता है। समय पर कार्य शुरु कर पूर्ण करने हेतु विभाग द्वारा परिपत्र क्रमांक एफ. 2 (104)/ग्रावि/भूसं/2/05 दिनांक 1.8.2006 के जरिये गतिविधियों के क्रम का निर्धारण किया जाकर इनकी पूर्णता अवधि तय की गई है। अधिशाषी अभियन्ता/परियोजना अधिकारी (भू-संसाधन), सहायक अभियन्ता एवं कनिष्ठ अभियन्ता सुनिश्चित करेंगे कि परियोजना के कार्यों का निष्पादन विभागीय परिपत्र दिनांक 1.8.2006 में उल्लेखित क्रमानुसार प्रभावी ढंग से किया जा रहा है। निर्धारित क्रम में कार्य नहीं किए जाने की स्थिति में इसे मार्गदर्शिका का उल्लंघन माना जाएगा तथा दोषी कार्मिको के विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही की जावेगी।

(iii) विभागीय परिपत्र क्रमांक एफ. 8(107) ग्रावि/भू.सं/2/दिनांक 11.10.2006 के द्वारा जलग्रहण परियोजनाओं के निष्पादन हेतु सहायक अभियन्ता एवं कनिष्ठ अभियन्ताओं के दायित्व निर्धारित किए गए है, परन्तु उनके द्वारा दायित्वों का प्रभावी एवं पूर्ण रूप से निर्वहन नहीं किया जा रहा है। पुनः निर्देश दिए जाते हैं कि परिपत्र दिनांक 11.10. 06 की भावना के अनुरूप कार्यों का निष्पादन सुनिश्चित किया जावे।

(iv) परियोजना क्रियान्वयन एजेन्सी सुनिश्चित करे कि जलग्रहण परियोजनाओं हेतु पूर्ण रूप से गठित जलग्रहण विकास दल कार्यों का निष्पादन विभागीय परिपत्र क्रमांक एफ. 15 (4) ग्रावि/भूसं/2/06 दिनांक 4.9.06 के अनुसार करता है। जलग्रहण विकास दल के सदस्यों को पाबन्द किया जावे कि वे विस्तार कार्यकर्ता (Extension Worker) के रूप में कार्य करे और अन्य विभागों यथा कृषि, उद्यानिकी, वन, पशुपालन तथा महिला एवं बाल विकास विभाग की गतिविधियों को स्वीकृत जलग्रहण परियोजना क्षेत्रों में प्रभावी ढंग से लागू किया जावे।

(v) सहायक अभियन्ता एवं कनिष्ठ अभियन्ता जलग्रहण विकास दल के सदस्यों हेतु कार्ययोजना बनावें एवं उसके अनुसार कार्य किए जाने की साप्ताहिक समीक्षा करें।

(vi) जलग्रहण परियोजना क्षेत्र का नियमित रूप से निरीक्षण किया जावे ताकि मार्गदर्शिका के अनुसार कार्यों के निष्पादन में गुणवत्ता नियंत्रण एवं उत्पादन में वृद्धि सुनिश्चित हो एवं संसाधन हीन व्यक्तियों को योजना से दीर्घकालीन लाभ प्राप्त हो सकें।

ह./-

प्रमुख शासन सचिव

ग्रामीण विकास एवं पंचायत राज विभाग

प्रतिलिपि निम्न को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित हैः-

1. विशिष्ट सहायक, माननीय मंत्री महोदय, ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज विभाग, जयपुर।
2. निजी सचिव, प्रमुख शासन सचिव, ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज विभाग, जयपुर।
3. निजी सचिव, निदेशक, जलग्रहण विकास एवं भू-संरक्षण, जयपुर।
4. संयुक्त निदेशक, जलग्रहण विकास एवं भू-संरक्षण वृत अजमेर, जयपुर, जोधपुर, उदयपुर, भीलवाडा एवं कोटा
5. मुख्य कार्यकारी अधिकारी, जिला परिषद, समस्त (श्रीगंगानगर को छोड़कर)।
6. संयुक्त निदेशक, (एमओएपी)/पी.एफ.सी./एमआईईएस/प्रशासन, निदेशालय, जयपुर।
7. परियोजना निदेशक एवं उप सचिव (मो. एवं मू.) को विभागीय बेवसाइट हेतु। ह./-

उप सचिव (भू-संसाधन)

राजस्थान सरकार
ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज विभाग

(भू-संसाधन प्रकोष्ठ)

कमरा नं. 153, पंत कृषि भवन, जयपुर।

क्रमांक : एफ. 15 (4) ग्रावि/भू.सं./2/06 जयपुर, दिनांक : 27.02.2007

परिपत्र

समसंख्यक परिपत्र दिनांक 4.9.2006, जलग्रहण विकास दल के गठन एवं उनको देय मानदेय के क्रम में जारी किया गया था और इसके साथ जलग्रहण विकास दल के सदस्यों के साथ अनुबन्ध का प्रारूप भी संलग्न किया गया था।

विभिन्न जिलों से प्राप्त सूचनाओं से यह स्पष्ट है कि निरन्तर प्रयासों के पश्चात् भी कतिपय जिलों में कृषि/सिविल अभियन्ता निर्धारित किए मानदेय पर उपलब्ध नहीं हो रहे है। ऐसी स्थिति में यह स्पष्ट किया जाता है कि जलग्रहण विकास दल के सदस्यों का मानदेय हरियाली मार्गदर्शिका के साथ संलग्न परिशिष्ट-1 के अनुरूप सीमा तक अनुभव एवं योग्यता के आधार पर दिया जा सकता है। कृषि अभियन्ता को निम्नानुसार मानदेय दिया जा सकता हैः

क.	मानदेय	रूपये 4125.00
ख.	यात्रा/दैनिक भत्ता	रुपये 1875.00
योग		**रूपये 6000.00 प्रति माह**

अन्य सदस्यों के क्रम में भी अनुभव एवं योग्यता के आधार पर परिशिष्ट-1 में दी गई सीमा के अनुसार मानदेय एवं यात्रा भत्ते का निर्धारण जिला परिषद स्तर पर किया जा सकता है ताकि प्रत्येक जलग्रहण क्षेत्र में योग्य एवं अनुभवी सदस्यों की सुनिश्चित् सेवाएं उपलब्ध हो सके और जलग्रहण विकास परियोजनाओं की गति एवं गुणवत्ता में सुधार हो।

ह./-
परियोजना निदेशक एवं पदेन
उप सचिव (भू–संसाधन)

प्रतिलिपि

1. समस्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी, जिला परिषद, राजस्थान (गंगानगर को छोड़कर) सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है।

ह./-
परियोजना निदेशक एवं पदेन
उप सचिव (भू–संसाधन)

GOVERNMENT OF RAJASTHAN
RURAL DEVELOPMENT & PANCHAYATI RAJ DEPARTMENT

No. F. 2 (147) RD/LR/2/2007 Dated : 17th March, 2007
Chief Executive Officer, Zila Parishad,
All Rajasthan (Except Sriganganagar)

Subject : Technical sanction of Watershed Projects.

Sir,

During the course of the discussions in the meeting of XEN (LR) held on 11-12.3.2006, it was brought to the notice of the department that the ' Technical Sanctions' of watershed projects under DDP, DPAP & IWDP are not being issued by the technical staff at any level before staring the works. This fact had never been brought to the notice earlier.

The following arrangements are immediately made for the issuance of technical sanctions :

(i) XEN (LR) working in Zila Parishad will issue technical sanctions up to Rs. 30.00 lacs for the projects sanctioned under DDP, DPAP and other watershed programmes.

(ii) Joint Director of the concerned circle will issue technical sanctions of IWDP and other larger projects to the extent of the sanctioned cost.

Joint Director of concerned circle and XEN (LR) will ensure that :

(a) Technical sanction for al the projects sanctioned in the year 2006-07 is issued before 31.3.2007.
(b) It is the duty of XEN (LR) and Joint Director to get the execution of works as per the technical sanction.
(c) In case of projects of the previous years, especially where DPRs are being prepared now, technical sanction will be issued by the XEN (LR) and Joint Director as the case may be.

As per provisions of GKN, the officer according technical sanctions will be responsible to ensure quality of works in the field as per the sanctioned technical parameters and specifications. Therefore, XEN (LR) & Joint Director would be responsible for this for the estimates sanctioned by them.

These orders will come into force with immediate effect.

Yours faithfully,
Sd/-
(Ram Lubhaya)
Pr. Secretary to Government

Copy to the following for information :

1. SA to Hon'ble Minister RD & PR.
2. PS to Pr. Secretary, RD & PR.
3. Secretary, Panchayati Raj.
4. Secretary, RD with a request to incorporate necessary amendments in Gramin Karya Nirdeshika (GKN).
5. Director, WD & SC.
6. Addl. Director, WD & SC.
7. Jt. Director, MoAP/MIES/Admn./PFC, WD & SC.
8. Jt. Director, WD & SC Jaipur/Ajmer/Kota/Bhilwara/Jodhpur/Udaipur.
9. XEN (LR), Zila Parishad, All Rajasthan (Except Sriganganagar).

Sd/-
PD cum Dy. Secretary (LR)

राजस्थान सरकार
प्रशासनिक सुधार (अनुभाग–3) विभाग

क्रमांक : प.6 (41) प्र.सु./अनुभाग-3/99 जयपुर, दिनांक 21.03.2007

आदेश

इस विभाग के समसंख्यक आदेश दिनांक 2.3.2006 से गठित जिला जलग्रहण विकास समिति को एतद्द्वारा-तुरन्त प्रभाव से निरस्त किया जाता है।

आज्ञा से

ह./-

(गजानन्द)

शासन उप सचिव

प्रतिलिपि : निम्न को प्रशासनिक विभाग के माध्यम से सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित हैः-

1. प्रमुख सचिव, महामहिम राज्यपाल महोदया, राजस्थान, जयपुर।
2. प्रमुख सचिव, माननीया मुख्यमंत्री महोदया, राजस्थान, जयपुर।
3. विशिष्ट सहायक, माननीय मंत्री महोदय, ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज विभाग, जयपुर।
4. निजी सचिव, मा. राज्य मंत्री महोदय, ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज विभाग, जयपुर।
5. निजी सचिव, अतिरिक्त मुख्य सचिव महोदय, राजस्थान, जयपुर।
6. निजी सचिव, अतिरिक्त मुख्य सचिव (विकास)।
7. निजी सचिव, प्रमुख शासन सचिव, ग्रामीण विकास पंचायती राज जयपुर।
8. निजी सचिव, प्रमुख शासन सचिव, कृषि विभाग।
9. निजी सचिव, प्रमुख शासन सचिव, महिला एवं बाल विकास विभाग।
10. निजी सचिव, शासन सचिव, पशुपालन विभाग, जयपुर।
11. निजी सचिव, शासन सचिव, पंचायत राज विभाग।
12. निजी सचिव, शासन सचिव, वन विभाग।
13. निजी सचिव, शासन सचिव, ग्रामीण विकास।
14. निजी सचिव, निदेशक, बंजर भूमि, जलग्रहण विकास एवं भू संरक्षण विभाग।
15. निजी सचिव, निदेशक एवं विशिष्ठ शासन सचिव, कृषि विभाग।
16. जिला प्रमुख, समस्त जिले (श्रीगंगानगर के अतिरिक्त)।
17. निजी सचिव, प्रधान मुख्य वन संरक्षक।
18. निजी सचिव, निदेशक, अनुसंधान राजस्थान कृषि विश्व विद्यालय, उदयपुर/बीकानेर।
19. निदेशक, पशुपालन विभाग।
20. जिला कलक्टर, समस्त जिले (श्रीगंगानगर के अतिरिक्त)।
21. मुख्य कार्यकारी अधिकारी, जिला परिषद, समस्त जिले (श्रीगंगानगर के अतिरिक्त)।
22. परियोजना निदेशक, राज्य दूर संवेदी केन्द्र, जोधपुर।
23. उप सचिव, भू संसाधन ग्रामीण विकास विभाग को उनके पत्र क्रमांक एफ 19 (6) ग्रावि/2/2006 दिनांक 27.2.2007 के क्रम में आदेश की अतिरिक्त प्रतियां समस्त सम्बन्धित को को विवरण हेतु प्रेषित है।
24. रक्षित पंजिका।

ह./-

शासन उप सचिव

अति आवश्यक

राजस्थान सरकार
ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज

क्रमांक :-एफ. 6 (12) ग्रा.वि./LR/2/96/ जयपुर, दिनांक : 23.03.2007

परिपत्र

विषय : हरियाली गाईड लाईन से संबंधित।

जलग्रहण विकास योजनाओं की क्रियान्विति भारत सरकार के ग्रामीण विकास मंत्रालय (भू संसाधन विभाग) द्वारा जारी दिशा निर्देशानुसार किया जाता है। 'हरियाली' दिशा निर्देशों के पैरा 9 अनुसार जलग्रहण परियोजनाओं को लागू करने का कार्य भारत सरकार व राज्य सरकार की देखरेख एवं निर्देशन में जिला परिषद द्वारा सम्पन्न किया जाएगा।

भारत सरकार से जल ग्रहण परियोजनाओं का आवंटन जिला स्तर पर प्राप्त होने के पश्चात स्थान का चयन जिला परिषद द्वारा हरियाली गाईड लाईन के पैरा 5 के दिशा निर्देशों को ध्यान में रखते हुए किया जाता हैं।

लेकिन राज्य सरकार के ध्यान में आया है कि परियोजनाओं का आवंटन करते समय इन दिशा निर्देशों की पूर्ण पालना नहीं की जाकर परियोजनाओं का आवंटन कर दिया जाता हैं। पैरा 5 में परियोजना आवंटन करने हेतु प्रथम मापदण्ड निम्न प्रकार हैः

"Watersheds where People's participation is assured through contribution of labour, cash, material etc. for its development as well as for the operation and maintenance of the assets created."

लेकिन इन दिशा-निर्देशों की पालना नहीं हो रही है। योजना के लाभान्वितों द्वारा इस योजना के पैरा 36 अनुसार 'जलग्रहण' विकास फण्ड' में निजी भूमि पर कराये गए कार्यों की लागत का 10 प्रतिशत एवं अनुसूचित जाति व जनजाति तथा बी.पी.एल. परिवारों की निजी भूमि पर कराए गए कार्यों की लागत का 5 प्रतिशत जमा नहीं कराया जाता हैं। इसी प्रकार सामुदायिक सम्पत्तियों के निर्माण हेतु भी लागत का 5 प्रतिशत हिस्सा लाभान्वितों द्वारा जमा नहीं कराया जाता है। दिशा निर्देशों में यह स्पष्ट है कि यह राशि मजदूरों की मजदूरी से नहीं काटी जाकर सीधी लाभान्वितों से नकद, श्रम या सामग्री के रूप में वसूल की जानी चाहिए और जल ग्रहण विकास फण्ड से जमा होनी चाहिए। लेकिन इन दिशा निर्देशों की भी पालना नहीं होती है। इस कारण से इन परियोजनाओं में जनभागिता न्यूनतम रहती हैं और परियोजनाएं पूरी होने के पश्चात सृजित सम्पत्तियों की देखरेख व रख रखाव भी पंचायतें व व्यक्ति नहीं करते है, जिससे यह परिसम्पत्तियां शीघ्र ही नष्ट हो जाती है। राज्य सरकार ने इस स्थिति को गम्भीरता से लिया है और निर्णय लिया है कि परियोजना का चयन आपूर्ति आधारित (Supply driven) ना होकर मांग आधारित (Demand Driven) होना चाहिए।

जिला परिषद द्वारा परियोजनाओं के चयन की प्रक्रिया निम्न प्रकार होगी :-

1. जिला परिषद वर्ष के प्रारम्भ में ही सभी पंचायतें जहां Watershed Atlas, के अनुसार जलग्रहण परियोजनाएं चिन्हित है, से परियोजना आवंटन करने हेतु प्रस्ताव प्राप्त करेगी। संबंधित पंचायत इस परिपत्र के साथ संलग्न परिशिष्ठ-1 अनुसार प्रस्ताव पारित करते हुए परियोजनाओं के आवंटन हेतु जिलों को आवेदन करेंगे। पंचायत द्वारा प्रस्ताव पारित करने से पूर्व योजना क्षेत्र के काश्तकारों/लाभान्वितों से हरियाली गाईड लाईन के पैरा 36 अनुसार राशि वसूल कर जल ग्रहण विकास कोष में जमा करवाने हेतु लिखित सहमति (Undertaking) प्राप्त कर रिकार्ड में रखी जावेगी।

2. जिला परिषद द्वारा पंचायतों से उपरोक्त लिखित प्रस्ताव प्राप्त होने के पश्चात ही आयुक्त जलग्रहण द्वारा पत्र क्रमांक एफ. 6 (12) आर.डी/एलआर/2/96/पार्ट-III/दिनांक 4.10.2006 (प्रतिलिपि संलग्न जारी) अंक आधारित प्रक्रिया अनुसार जल ग्रहण परियोजनाओं का आवंटन किया जाएगा।

मुख्य कार्यकारी अधिकारी जिला परिषद का उत्तरदायित्व होगा कि वह इन दिशा-निर्देशों की पालना करायेंगे। यदि कोई जिला परिषद इन निर्देशों के विपरीत कोई प्रस्ताव पारित करते है तो उसे निरस्त करने हेतु राजस्थान पंचायती राज अधिनियम के प्रावधानों के अन्तर्गत राज्य सरकार को तत्काल भिजवाएंगे।

यह निर्देश तत्काल प्रभाव से लागू होंगे।

ह./-

(राम लुभाया)

प्रमुख शासन सचिव

ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज

प्रतिलिपि : निम्न को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है:-

1. विशिष्ट सहायक, मा. मंत्री, ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज विभाग
2. निजी सचिव, प्रमुख शासन सचिव, ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज
3. निजी सचिव, शासन सचिव, पंचायती राज विभाग
4. निजी सचिव, शासन सचिव, ग्रामीण विकास विभाग
5. निजी सचिव, निदेशक : बंजड़ भूमि जलग्रहण विकास एवं भू संरक्षण राज., जयपुर
6. परियोजना निदेशक एवं पदेन उप सचिव (भू संसाधन), निदेशालय राज., जयपुर
7. मुख्य लेखाधिकारी निदेशालय, जयपुर
8. समस्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी, राजस्थान
9. संयुक्त निदेशक (प्रशासन)/एमओएपी/पीएफसी/एमआईईएस) निदेशालय जयपुर
10. संयुक्त निदेशक जलग्रहण विकास एवं भू संरक्षण जयपुर/अजमेर/कोटा/भीलवाड़ा/उदयपुर/जोधपुर
11. समस्त अधिशाषी अभियन्ता/परियोजना अधिकारी (भू संसाधन)/ जिला परिषद
12. उप निदेशक जलग्रहण विकास एवं भू संरक्षण डूंगरपुर/जोधपुर/उदयपुर
13. परियोजना अधिकारी (भू संसाधन) निदेशालय जयपुर
14. समस्त विकास अधिकारी पंचायत समिति ..... जिला .....
15. समस्त सहायक अभियन्ता/कनिष्ठ अभियन्ता द्वारा विकास अधिकारी पं.स. .....

ह./-

प्रमुख शासन सचिव

ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज

राजस्थान सरकार

निदेशालय बंजर भूमि, जलग्रहण विकास एवं भू–संरक्षण विभाग

राजस्थान, जयपुर।

क्रमांक : प. 2 (140) आरडी/एलआर/2/2006 दिनांक : 23.03.2007

मुख्य कार्यकारी अधिकारी,
जिला परिषद,
समस्त (श्रीगंगानगर के अतिरिक्त)

विषय : जलग्रहण विकास परियोजनाओं का परियोजना क्रियान्वयन एजेन्सी को आवंटन एवं विस्तृत परियोजना प्रतिवेदन का अनुमोदन।

महोदय,

मरू विकास कार्यक्रम, सूखा संभाव्य क्षेत्र कार्यक्रम एवं एकीकृत बंजर भूमि विकास कार्यक्रम के अन्तर्गत वर्तमान में जलग्रहण परियोजनाओं की क्रियान्विति की जा रही है।

भारत सरकार द्वारा स्वीकृत परियोजनाओं का आवंटन जिला परिषद द्वारा परियोजना क्रियान्वयन एजेन्सी को किया जाता है। प्रायः यह देखा गया है कि परियोजना क्रियान्वयन एजेन्सी को परियोजना आवंटन करने में जिला परिषद द्वारा अत्यधिक विलम्ब किया जाता है (उदाहरणार्थ- झुन्झुनू, जैसलमेर, बाडमेर, पाली एवं नागौर) जिसके कारण कार्य शुरू कर पूर्ण करने में निर्धारित अवधि से अधिक समय लिया जाता है। इस कारण भारत सरकार से राशि प्राप्त करने में विलम्ब होता है तथा समय पर जनसमुदाय का अपेक्षित लाभ भी प्राप्त नहीं हो पाता है।

हरियाली मार्गदर्शिका के पैरा 9 में यह प्रावधान है कि ''जिला स्तर पर जिला परिषद/जिला ग्रामीण विकास अभिकरण, **राज्य सरकार** तथा भारत सरकार **के पर्यवेक्षण तथा मार्गदर्शन के अन्तर्गत** सभी क्षेत्र विकास कार्यक्रमों के लिए केन्द्रक (नॉडल) प्राधिकरण होगा। यह केन्द्रक प्राधिकरण जलसंग्रहण क्षेत्रों चयन, परियोजना कार्यान्वयन अभिकरणों की नियुक्ति को अनुमोदित करेगा तथा परियोजनाओं की कार्य योजना/विकास योजना आदि को भी अनुमोदित करेगा।''

अतः जिला स्तर पर हो रहे विलम्ब के कारण परियोजनाओं की क्रियान्विती समय पर सुनिश्चित करने हेतु निम्न निर्देश दिए जाते हैंः-

(I) अधिशाषी अभियंता विभागीय आदेश क्रमांक प. 2(104) ग्रावि/भू.सं./2/2006 दिनांक 1.5.2006 की अनुपालना में वाटरशेड एटलस एवं इन्डैक्स कैचमेन्ट और कलस्टर चयन हेतु विभागीय परिपत्र क्रमांक एफ 18 (3) पीएफसी/डीडब्लुडब्लुडीसी/2006, दिनांक 21.4.2006 तथा हरियाली मार्गदर्शिका के पैरा 5 में अंकित प्राथमिकताओं को ध्यान में रखते हुए सेल्फ ऑफ प्रोजेक्ट तैयार करेंगे।

(II) भारत सरकार से स्वीकृत परियोजनाओं की संख्या को ध्यान में रखते हुए प्राथमिकता के अनुसार परियोजना क्रियान्वयन एजेन्सी को जलग्रहण विकास परियोजनाओं के आवंटन हेतु अधिषाशी अभियन्ता (भू-संसाधन) द्वारा प्रस्ताव जिला परिषद को प्रस्तुत किए जावेंगे।

(III) जिला परिषद द्वारा भारत सरकार से स्वीकृति प्राप्ति के पश्चात आयोजित प्रथम बैठक में परियोजनाओं का आवंटन परियोजना क्रियान्वयन एजेन्सी को किया जावे। यदि इस बैठक में परियोजनाओं का आवंटन नहीं किया जाता है तो प्राथमिकता सूची राज्य सरकार को प्रस्तुत की जावे ताकि स्वीकृति हेतु अग्रिम कार्यवाही की जा सके।

(IV) परियोजनाओं की तैयार की गई डीपीआर की सक्षम स्तर से तकनीकी स्वीकृति प्राप्त कर अनुमोदन हेतु जिला परिषद को प्रस्तुत की जावे। इसके उपरान्त यदि जिला परिषद की प्रथम बैठक में जिला परिषद द्वारा डीपीआर का अनुमोदन बिना पर्याप्त कारण के नहीं किया जाता है तो डीपीआर को अनुमोदित मानते हुये इस आशय के आदेश मुख्य कार्यकारी अधिकारी जिला परिषद द्वारा जारी किए जावेंगे, तत्पश्चात कार्य प्रारम्भ कर दिए जावे और इसकी सूचना राज्य सरकार को भिजवाई जावे।

उपरोक्त आदेश की पालना सुनिश्चित की जावे।

ह./-

प्रमुख शासन सचिव

प्रतिलिपि सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित हैः-

1. संयुक्त निदेशक, बंजर भूमि, जलग्रहण विकास एवं भू संरक्षण विभाग, मुख्यालय/वृत।
2. संयुक्त निदेशक (एम.आई.ई.एस.), मुख्यालय।
3. परियोजना अधिकारी, (भू.सं.) समस्त (श्रीगंगानगर को छोड़कर)।

ह./-

उप सचिव (भू–सं.)

GOVERNMENT OF RAJASTHAN
DEPARTMENT OF RURAL DEVELOPMENT & PANCHAYATI RAJ

(Land Resource Section)

Room No. 153, PANT KRISHI BHAWAN, JAIPUR

No. F. 2 (104)/RD/L.R./2/2007/Pt-II Jaipur, dt. 23.03.2007

CIRCULAR

In order to achieve the desired results from the Watershed Development Programme under the Integrated Watershed Development Programme (IWDP)/Desert Development Programme (DDP)/Drought Prone Area Development Programme (DPAP) and to ensure optimum utilization of fund and also to bring more transparency in implementation of the Watershed Development Programme, the matter of issuing integrated instruction for effective implementation, monitoring and guidance regarding this programme was under active consideration of the Government.

For the purpose of taking up actual physical works for development of natural resources under Watershed Development Programme that may prove beneficial to the rural community, the Govt. after careful consideration decides to issue following instructions :-

1. **Purpose of Watershed :** Watershed programme is intended to enhance and augment the capacity of natural resources in such a way that the natural resources can be utilized more effectively for improving the lives of rural community, specially the weaker section of society. Rural community is predominantly dependant on natural resources in their vicinity, Therefore, the linkage between the community and the natural resources should not be forgotten while planning and implementing the watershed programme. Thus, no such works need to be taken up which do not directly benefit the community.

2. **Need for Watershed :** With increasing pressure of population, natural resources have suffered and depleted. Forces of nature such as rain, wind, scarcity, floods and famine have further damaged the natural resources. This makes the available natural resources lesser and lesser productive over the years. The need for watershed has arisen so as to reverse this process of depletion so that the community resources such as land and water are able to serve the community in a much more effective manner. This means therefore, that watershed programme must lead to an increased agriculture and animal productivity resulting into higher income levels of the village community. Therefore, no such works need to be carried out which do not visibly lead to improved livelihood forthe community. This must be kept in view while planning new projects and reviewing ongoing projects.

3. **Need for more Tangible Works :** Under the Hariyali Guidelines, 85% of funds must be utilized for actual physical works. Therefore, there is a need to do more tangible works that can be verified in future and can sustain over a long period of time even after end of the project period.

4. With this objective in mind, it is decided that henceforth only following categories of works would be carried out in new projects :-

(a) Farm Ponds & Tankas should be constructed in the fields of only the BPL beneficiaries, Scheduled Castes, Scheduled Tribes or marginal and small farmers.

(b) New percolation tanks on community lands in the vicinity of the village. Deepening of existing talabs, nadis etc. shall not be allowed. The talabs/tanks must have pitching on sides.

(c) New check dams on nallas & ravines.

(d) Percolation tanks and other structures for re-charging of village wells/ground water. (New and semi semi pucca only).

(e) works purely of temporary nature such as pure earthwork, earthen bunds/kanabunding/medbundi etc. that are likely to be washed away in the rains, shall not be taken up at all. Instead of them, works for safe disposal of water, such as check dams, waste weirs or semi pucca bunds must be carried out to ensure that structures that are created are long lasting. In hilly terrains, contour trecnches, bench terraces, graded terraces (have gentle lateral slope with stone rubble or earthen bund with stone pitching at the end) gully plugs (Structures across small stream) contour bunds (narrow based embankment made of dry stone rubble or soil with pitching of stone) etc. of suitable specifications could be taken up to reduce the velocity of rain water flowing down the hill resulting in the deposition of silt load and permitting more infiltration of water, thus, creating micro environment for establishment of vegetative cover.

Violation of these guidelines shall be viewed seriously.

(f) Development of part of a pasture or a grass land in Government/community wasteland for more production of fodder should be taken up if the Gram Sabha passes a resolution to the effect that:-

(i) The Panchayat shall maintain the pasture after the project is over.

(ii) Open grazing in 50% of the pasture land must be totally banned and people will cut and carry grasses on payments of nominal fees to be determined by the Panchayat.

(g) General Plantation works on Government Wasteland/Gaucher or River Banks only if the planation is agreed to be maintained for a minimum period of 3 years by the Gram Panchayat or the Forest Deptt. Unless an effective arrangement is made for maintenance of planation in community lands/ river banks etc. they have very rare chance of survival. For this purpose, participatory forest management can also be arranged wherein, the Village Forest Protection and Management Committee (VFP & MC) is required to be registered with the Forest Department. The amount payable to a Van Rakshak as provided in the guidelines for protection of plantation may be paid to these beneficiary groups on the basis of the percentage of existing trees. Plantation of multipurpose trees in consultation with local people shall be undertaken by adopting the above mentioned arrangement.

(h) Construction of round tank (tanka) of 20000-40000 ltrs. capacity with suitable agore (catchment) for harvesting rain water giving full attention on stability of structure looking to the soil. These will be constructed first to benefit BPL, second small and marginal farmers of SC & ST and third small and marginal farmers of general category. Tank, hand pump, and overhead tank (may be PVC) for irrigating the planted seedlings through drip can also be considered.

(i) SHGs/Farmers need be motivated to raise Kisaan Nursery (25000 seedlings per farmer) by providing poly bags seeds and other inputs from the project fund, so that the right type of seedlings are available within the watershed. These can be given free of cost to BPL, small & marginal farmers for planting within the

watershed area. For horticulture plants, the assistance available under National Horticulture Mission could also be availed for dovetailing with the watershed project funds.

(j) In Southern Rajasthan, "Keshav Wadi" programme should be taken up wherein 30 fruit plants and 150 forest plants are planted and improved agriculture practices are adopted in the field of BPL, small and marginal SC/ST families. This should also be dovetailed with NREGS to have more area covered under the watershed.

(k) Mobilize minimum 50 of the farmers to adopt dry land farming practices and arid horticulture in the project area.

(l) Demonstration of Energy Conservation, Development of Non Conventional Sources of Energy, Bio Gas Plant, Micro Irrigation, Conservation of Roof Water (Rain Water) can be carried out at the Panchayat Ghar, Govt. School, at the residence of beneficiary members from BPL, SHGs of the SCs, STS.

(m) Any other work of even special merit shall not be taken up without prior approval of Director, WD &SC, If the Zila Parishad feels that works of some special nature are required to be carried out that may have direct area specific benefit, a proposal may be sent, It will be the policy of Directorate to generally agree to such proposals if the reasons are valid, If no decision is communicated within 30 days of sending the proposal. Zila Parishad governing body, can pass a resolution bringing out special merit of such works and go ahead with such works, and the same shall be deemed to have been approved.

(n) It may be noted that apart from the above works, no other works may be carried out in projects. However, the ongoing projects may continue as planned, but projects which have not yet started or are in the first year should be revised on the above lines and works be executed as per revised DPR. Above guidelines may be strictly followed and no works other than those mentioned above may be taken up in the future under new projects. All the above mentioned works for water conservation including land conservation and raising ground water table, shall be included in rational proportion. CEO, Zila Parishad shall ascertain this.

5. The actual physical work may be carried out by following agencies under overall supervision of the PIA :-

(a) Farm Ponds or Tanka - to be constructed by the beneficiary himself or by the SHG.

(b) Percolation Tank - Gram Panchayat/User Group.

(c) New Check Dam - Gram Panchayat/User Group.

(d) Structure for recharging of village wells/groundwater - individual beneficiary, SHG, USER Group, Gram Panchayat.

(e) Gaucher Development - SHG/User Group/Gram Panchayat/VFPMC.

(f) Development of kitchen garden/wadi scheme/nursery or vermi compost or medicinal and herbal plants or Jetropha - individual beneficiary/SHG.

(g) Jetropha cultivation on Govt. Wasteland Gaucher-Gram Panchayat or BPL SHG.

(h) General plantation work and fodder cultivation on Govt. Wasteland/Gaucher or river bank or ravines - Gram Panchayat/Forest Department/VFPMC or as may be decided by Zila Parishad.

(i) Works in respect of non conventional sources of energy, energy conservation and micro irrigation may be taken up for demonstration only for and by the BPL. SHG or the beneficiaries of SCs and STs.

6. Monitoring of Physical Works :

(a) Physical works shall be carried out by individual/group as mentioned above and the PIA shall monitor the works.

(b) Concurrent monitoring of the works undertaken by the PIA shall be done by the PO (LR) and their progress shall be reviewed monthly/quarterly/yearly.

(c) Concurrent monitoring of the works taken up for the watershed project under the Zila Parishad shall be carried out by the monitoring cell of the Directorate of WWD & SC.

7. Mode of implementation of works :

